Nai Dunia (Indore), 11th June 2020, Page-7

# आइआइटी इंदौर में शुरू हो रहे हैं दो नए शॉर्ट टर्म कोर्स

**इंदौर (नईदुनिया रिपोर्टर)।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) इंदौर में भले ही कक्षाओं में बैठकर पढ़ाई शुरू होने में समय लगेगा, लेकिन संस्थान विद्यार्थियों, इंजीनियर और विभिन्न इंडस्ट्रीज में काम करने वाले प्रोफेशनल की स्किल बेहतर करने के लिए नाममात्र के शुल्क में ऑनलाइन कोर्स कराने जा रहा है। संस्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 16 और 17 जून को ऑनलाइन शॉर्ट टर्म कोर्स कराया जा रहा है। कोर्स का नाम सिग्नल प्रोसेसिंग एंड मशीन लर्निंग टेक्निक्स फॉर ऑटोमेटेड फॉल्ट डिटेक्शन ऑफ मैकेनिकल सिस्टम रखा गया है। इसमें मशीनों के वाइब्रेशन, नॉइस, गेयर बॉक्स, बैरिंग और उपकरणों की समस्याओं को जानने और उसके समाधान के लिए आधुनिक टेक्निक सिखाई जाएगी।

**रिसर्च क्षेत्र में काम करने वालों को फायदा होगा -** आइआइटी के अधिकारियों का कहना है कि संस्थान द्वारा सालभर विभिन्न विषयों में शॉर्ट टर्म कोर्स कराए जाते हैं। कोविड-19 महामारी के बीच भी संस्थान इंडस्ट्रीज और इंजीनियरिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों की स्कील बेहतर करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करा रहा है। कुछ ही दिन में मैकेनिकल सिस्टम पर शुरू होने जा रहे कोर्स का हजारों लोगों को फायदा मिलेगा। सभी इंडस्ट्रीज के लिए यह जरूरी हो गया है कि वे कम समय में मशीनरी को सुधार सके, ताकि प्रोडक्शन पर इसका असर न आए। कोर्स में रिसर्च एंड डेवलपिंग संस्थानों में काम कर रहे प्रतिभागी भी शामिल हो सकते हैं। इसमें इंडस्ट्रीज में काम करने वालों के लिए शुल्क एक हजार, फैकल्टी के लिए 800 रुपये और विद्यार्थी के लिए 500 रुपये शुल्क रखा गया है। कोर्स करने वाले अधिक जानकारी आइआइटी इंदौर की वेबसाइट पर आकर ले सकते हैं।